## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–01.12.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज भुवनेश्वर में पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के अखिल भारतीय सम्मेलन के समापन सत्र को करेंगे संबोधित।
- राज्य में मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर बढ़ी राजनतिक हलचल, दिल्ली दौरे पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ,कांग्रेस कोटे के मंत्रियों के नाम पर लगेगी अंतिम मुहर।
- प्रदेश भाजपा में चुनाव परिणाम की समीक्षा बैठक का दूसरा दिन आज, जिलाध्यक्षों के साथ होगा मंथन ।
- केंद्र सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को लिखा पत्र– सर्पदंश के मामलों को अधिसूचित रोग बनाने को कहा ।
- 68वीं एसजीएफआई राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता में झारखंड की एथलीट ओबामी मुर्मू ने लंबी कूद स्पर्धा में जीता स्वर्ण पदक, बेस्ट प्लेयर का मिला अवार्ड ।

**************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज लगातार दूसरे दिन अखिल भारतीय पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के वार्षिक सम्मेलन में भाग लेंगे। शुक्रवार को ओडिशा के भुवनेश्वर में शुरू हुए तीन दिवसीय सम्मेलन का आज अंतिम दिन है। सम्मेलन में आज प्रधानमंत्री के साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन शीर्ष पुलिस अधिकारियों और देश की विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुखों के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विविध मुद्दों पर चर्चा करेंगे। प्रधानमंत्री और अन्य प्रमुख गणमान्य व्यक्ति पुलिस के समक्ष आने वाले विभिन्न परिचालन और बुनियादी ढांचे से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा करेंगे। आंतरिक सुरक्षा, नए आपराधिक कानून, तटीय सुरक्षा, साइबर अपराध, माओवादी खतरे, कृत्रिम बुद्धिमत्ता तथा ड्रोन जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों से उत्पन्न चुनौतियां, आतंकवाद निरोधक रणनीतियों जैसे मुद्दों पर चर्चा हो सकती है।सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस महानिदेशक और महानिरीक्षक और विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुख सम्मेलन में भाग ले रहे हैं।

**************

राज्य में मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। नौ दिसंबर से शुरू होने वाले विधानसभा सत्र से पहले कैबिनेट विस्तार की संभावना है। इधर इंडिया ब्लॉक के घटक दलों के बीच विचार विमर्श का दौर जारी है। इसी सिलसिले में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश दिल्ली दौरे पर हैं जहां पार्टी के केन्द्रीय नेतृत्व के साथ बैठक में कांग्रेस कोटे के मंत्रियों के नाम पर अंतिम मुहर लगेगी। इधर भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा है कि माले मंत्रिमंडल में शामिल नहीं होगा। पार्टी कार्यालय में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन ने राज्य की जनता से जो वादे किए हैं वो सभी वादे पूरे किए जाएंगे।

**************

प्रदेश भाजपा कार्यालय में विधानसभा चुनाव परिणाम और पार्टी के प्रदर्शन पर समीक्षा का दौर जारी है। रांची में दो दिवसीय बैठक के पहले दिन पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने तीन बैठकें की । इस दौरान समीक्षा बैठक में हारे हुए प्रत्याशियों ने अपनी बातें रखीं । आज प्रदेश कार्यालय में जिलाध्यक्षों और जिला प्रभारियों के साथ बैठक में हार के कारणों की समीक्षा की जाएगी । प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रवींद राय ने संवाददाताओं से बातचीत में बैठक को लेकर जानकारी दी।

**************

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से सर्पदंश के मामलों और उससे होने वाली मृत्यु को राज्य लोक स्वास्थ्य अधिनियम और अन्य प्रावधानों के तहत अधिसूचित रोग की श्रेणी में रखने को कहा है। केन्द्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रधान सचिव और अतिरिक्त मुख्य सचिव को लिखे पत्र में कहा कि सर्पदंश गंभीर चिंता का विषय है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

**************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में सुरक्षाबलों ने नक्सलियों से मुठभेड़ में पीएलएफआई के एरिया कमांडर लंबू को मार गिराया है। टेबो थाना क्षेत्र अंतर्गत तोमरोंग गांव के जंगल में ये मुठभेड़ हुई। घटनास्थल से दो पिस्टल बरामद हुए हैं। पूरे इलाके में सर्च अभियान जारी है

**************

दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के अंतर्गत विकास कार्य के लिए ब्लॉक लिया जाएगा। जिसके कारण कई ट्रेनें प्रभावित रहेंगी । टाटानगर –हटिया – टाटानगर एक्सप्रेस और टाटानगर –बरकाकाना–टाटानगर पैसेंजर आज और 4 दिसंबर को रद्द रहेंगी । जबकि आनंद विहार टर्मिनल – पूरी एक्सप्रेस आज 3 घंटे विलम्ब से प्रस्थान करेगी।रांची – हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस पांच दिसंबर को परिवर्तित मार्ग से चलेगी।

**************

रांची के बाजपुर इलाके मे ओल की बम्पर पैदावार हुई है। यहाँ का ओल झारखण्ड के अलावा कई पड़ोसी राज्यों मे भेजा जाता है। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

**************

चक्रवातीय तूफान फेंजल का आंशिक असर रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में अगले तीन दिनों तक देखने को मिलेगा। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिनों तक पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला में बादल छाए रहने के आसार हैं। रांची मौसम केन्द्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि इस बीच कोल्हान में हल्के बादल छाने के साथ कहीं कहीं हल्की बूंदाबांदी होगी।

**************

उत्तर प्रदेश के लखनऊ में आयोजित 68वीं एसजीएफआई राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता में लंबी कूद स्पर्धा में झारखंड की एथलीट ओबामी मुर्मू ने पांच दशमलव छह दो मीटर कूद कर स्वर्ण पदक जीत लिया है। 26 से 30 नवंबर तक चली प्रतियोगिता में दो स्वर्ण पदक जीतने पर ओबामी को अंडर 17 आयु वर्ग बालिका में बेस्ट प्लेयर का अवार्ड दिया गया।

**************

अखबारों की सुर्खियां

राज्य में मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर बढ़ी राजनीतिक हलचल को रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
प्रभात खबर के शब्द हैं–सीएम से मिल कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने मंत्रिमंडल पर की चर्चा, दिल्ली गए।
दैनिक जागरण ने लिखा है–माले की दावेदारी छोड़ने का कांग्रेस को मिलेगा लाभ।
दैनिक भास्कर ने लिखा है–फेंजेल से 4 राज्य तरबतर, चेन्नई एयरपोर्ट 15 घंटे बंद।
हिन्दुस्तान ने लिखा है–फर्जी दस्तावेज से राशि गबन पर कोर्ट का फैसला, मनरेगा घोटाले में जेई को पांच साल की सजा।
चक्रवाती तूफान फेंजेल तमिलनाडु तट पर पहुंचा, इस खबर को अंग्रेजी अखबार हिंदुस्तान टाइम्स और द टाइम्स ऑफ इंडिया ने प्रमुखता से पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

*******समाप्त*********